घरों की चौखट पर गूंज रहा कार्य मंत्री (सचिव)साहब है क्या

पंचायतों में रूकने के निर्देश हुए हवा-हवाई, प्राईवेट लोग कर रहे उगाही, भटकने को मजबूर ग्रामीण

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। ग्रामीण इलाकों में प्रशासनिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के सरकारी दावे धरातल पर पूरी तरह फ्लॉप साबित हो रहे हैं। ग्राम पंचायतों में सचिव और रोजगार सहायकों की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों को अपने छोटे-छोटे कामों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। हालत यह है कि पंचायतों के ताले न खुलने की वजह से लोग मजबूरी में सैकड़ों रुपये खर्च करके जिला मुख्यालय के चक्कर काटने को विवश हैं।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों जिला पंचायत ने सीईओ ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि पंचायत सचिव और रोजगार सहायक अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से रुकेंगे और ग्रामीणों की समस्याएं सुलझाएंगे। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ये आदेश महज कागजों तक सीमित रह गए हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कई अन्य विकास कार्यों के दस्तावेजों में सुधार और सत्यापन का काम चल रहा है, जिसके लिए लोग पंचायत भवन के चक्कर काट रहे हैं, पर साहबों के दर्शन दुर्लभ हैं। हालांकि यह हाल सभी जगह का नहीं है कुछ पंचायतों में पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक अपना कर्तव्य निभाते हुए नजर आते है और वह प्रतिदिन पंचायत में बैठते भी है।

चौखट पर गूंज रहीं ग्रामीणों की आवाज,

जिले में इन दिनों बड़ी संख्या में केंद्र से लेकर राज्य सरकार की योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहीं है, जिसका लाभ लेने के लिए लोग प्रयास कर रहे है, लेकिन पंचायत भवनो में लटके तालों की बजह से उन्हें पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायकों की चौखट पर दस्तक देना पड़ रहा है और वह अक्सर आवाज देते नजर आते है काय मंत्री (सचिव)साहब है का।

प्राइवेट मुंशियों के भरोसे पंचायतें, फल-फूल रहा उगाही का खेल

ग्राम पंचायतों में लापरवाही का आलम यह है कि पदस्थापना होने के बावजूद रोजगार सहायक खुद काम करने के बजाय प्राइवेट व्यक्तियों से कामकाज करवा रहे हैं। बिना किसी आधिकारिक जवाबदेही के बैठे ये प्राइवेट लोग ग्रामीणों की मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं। दस्तावेज सुधारने और योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर खुलेआम अवैध उगाही की जा रही है। प्रशासनिक अनदेखी के कारण ग्रामीण अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे है, अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इन गैर-जिम्मेदार सचिवों और रोजगार सहायकों पर क्या कार्रवाई करता है, या फिर ग्राम पंचायतें यूं ही प्राइवेट लिमिटेड बनकर चलती रहेंगी।

खाद्य विभाग ने डेयरियों से लिए पनीर, दही और दूध के सैंपल

दूध डेयरियों पर पहुंचा विभागीय अमला

कलेक्टर के निर्देश पर निरंतर जारी है कार्यवाहीं

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले में शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है। कलेक्टर साकेत मालवीय के आदेशानुसार एवं अभिहित अधिकारी डॉ. अलका त्रिवेदी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा, राजस्व और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने शहर की प्रमुख दूध डेयरियों पर सघन जांच अभियान चलाया।

जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक ने विभिन्न क्षेत्रों की डेयरियों से नमूने एकत्रित किए। कोलुआ रोड स्थित शिव दूध डेयरी से दूध व पनीर, अस्पताल तिराहे की बलराम दूध डेयरी से दही, विदिशा रोड स्थित कृष्णा दूध डेयरी से दूध व पनीर और पुराना बाजार स्थित राधिका दूध डेयरी से दूध एवं दही के सैंपल लिए गए। इन सभी नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य शासन द्वारा अधिकृत प्रयोगशाला भेजा गया है।

कार्रवाई के दौरान टीम ने सभी दुग्ध विक्रेताओं को परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए। साथ ही दुकान में खाद्य पंजीयन (फूड लाइसेंस) और खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने का आदेश जारी किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मिलावटखोरी रोकने और आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ न होने देने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

एक नजर में

रेडक्रॉस सोसायटी,सेवा भारती द्वारा सुखपुर हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर आयोजित

अशोकनगर। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में सुखपुर (बहेरिया) हॉस्पिटल में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि शिविर में मुख्य रूप से महात्मा शब्द सागरानंद सुखपुर, ज्योति महात्मा आश्रम अशोक नगर के सानिध्य में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। शिविर में दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पानीपत, लुधियाना, राजस्थान से पधारे श्रद्धालुओं द्वारा रक्तदान किया गया। स्थानीय मेडिकल स्टाफ टीम और अशोकनगर से पधारी ब्लड डोनेट टीम के सेवा भाव से कुल 41 मरीजों के लिए रक्तदान में सहभागिता निभाई गई। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. जयमंडल सिंह यादव, सचिव संजय रघुवंशी, जिला आपदा प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अंकित छाबड़ा डॉ.राज कुमार शर्मा, अशोक रघुवंशी, विनोद शर्मा सहित अन्य समाज सेवी उपस्थित थे। रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा सभी रक्त दाताओं और सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

भाजपा द्वारा संत रविदास जयंती पर जिला कार्यशाला का आयोजन

अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में संत शिरोमणी गुरू रविदास जी की 650 वीं जयंती के उपलक्ष्य सोमवार 27 जुलाई को दोपहर 1:30 बजे स्थानीय होटल राजश्री पैलेस में समरसता संकल्प अभियान के निमित जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें जिले भर के अपेक्षित भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे।

पुरानी रंजिश में पति-पत्नि ने पत्थर मारकर की थी हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

चंदेरी पुलिस ने हत्या के मामले का किया 24 घंटे में खुलासा, आरोपी भेजे गए जेल

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिले में गंभीर अपराधों के प्रति अपनाई जा रही जीरो टॉलरेंस नीति के तहत चंदेरी थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हत्या के सनसनीखेज मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी सकुन आदिवासी और उसकी पत्नी कृष्णाबाई को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल घटना 25 जुलाई की है, जहां ग्राम लुधाया निवासी फरियादी गिर्राज यादव अपने पिता नंदराम यादव के साथ खेत से लौट रहे थे। सकुन आदिवासी के घर के सामने पहुंचने पर पुरानी रंजिश को लेकर विवाद शुरू हो गया। आरोपी सकुन ने जान से मारने की नीयत से भारी पत्थर फेंका, जो नंदराम यादव की बाईं आँख के ऊपर लगा और वे गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। इसके बाद आरोपी सकुन और उसकी पत्नी कृष्णाबाई ने मिलकर उनके साथ लात-घूंसों से जमकर मारपीट की। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने नंदराम यादव को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई और गिरफ्तारी

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन, एएसपी अंतर सिंह कनेश व एसडीओपी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में चंदेरी थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम लुधाया में दबिश देकर दोनों आरोपियों सकुन आदिवासी 32 वर्ष और उसकी पत्नी कृष्णाबाई को धर दबोचा।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है, जिसके बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक जूली रघुवंशी, उप निरीक्षक भोजराम भगत, प्रधान आरक्षक धर्मेन्द्र कुमार, आरक्षक योगेन्द्र रघुवंशी, विष्णु प्रजापति, महिला आरक्षक साधना बुन्देला एवं रौलीराजा चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

सट्टा उपकरण के साथ एक गिरफ्तार

अशोकनगर। कोतवाली थाना पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को एक नंबे का लालच देकर सट्टा पर्ची काटते हुए गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिशुपाल सिंह द्वारा सट्टा पर्ची काटी जा रहीं थी, जिसे गिरफ्तार किया गया है।

पेंशनर महासंघ की मासिक बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। नगर के वेदांत भवन में सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी पेंशनर महासंघ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिनेश बिरथरे ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दिनेश बिरथरे ने ग्वालियर में आयोजित प्रांतीय बैठक के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धारा 49(6) के तहत पेंशन संबंधी मामलों में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ दोनों राज्यों की सहमति की बाध्यता को समाप्त करने का प्रस्ताव पारित किया गया था। इस दिशा में प्रांतीय कार्यकारिणी के निरंतर संघर्ष और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा दिए गए आश्वासन का उल्लेख करते हुए उन्होंने प्रांतीय नेतृत्व का आभार जताया। प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की सहमति की बाध्यता हटाने हेतु प्रांतीय समिति ने मध्यप्रदेश के वित्त मंत्री तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर प्रयास किए। उन्होंने इस जनहितैषी निर्णय के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में संभागीय सचिव प्रहलाद श्रीवास्तव, अमर सिंह रघुवंशी, महाराज सिंह रघुवंशी और संजय जैन ने भी अपने विचार रखे और संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा की।

बीएमओ ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

चंदेरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदेरी के विकास खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. संतोष नरवरिया ने रविवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर अर्रोन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में चल रहे दस्तक अभियान, एनसीडी प्रोग्राम, सिकल सेल कार्यक्रम सहित समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

बीएमओ ने संस्था में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता और विभिन्न स्वास्थ्य जांचों की स्थिति को देखा तथा समय पर सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरोग्य मंदिर प्रभारी डॉ. निशांत यादव को निर्देशित किया कि दस्तक अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे की अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए। उल्लेखनीय है कि डॉ. संतोष नरवरिया जब से बीएमओ बने हैं, चंदेरी विकास खंड की हर पंचायत तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उनके नियमित औचक निरीक्षणों से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार देखने को मिल रहा है। अपने सेवा भाव पर बात करते हुए बीएमओ डॉ. नरवरिया ने कहा, चिकित्सा सेवा ही मेरे जीवन का मुख्य उद्देश्य है। पद कोई भी हो, सेवा भावना सर्वोपरि रहनी चाहिए। वरिष्ठ डॉक्टरों और पैरामेडिकल टीम के सहयोग से चंदेरी सिविल अस्पताल व ग्रामीण केंद्रों में आमजन को सर्वोत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है।

जैन मिलन सेंट्रल ने किया पौधारोपण

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को जैन मिलन सेंट्रल द्वारा दया भावना फाउंडेशन द्वारा संचालित पशु चिकित्सालय (समाधि स्थल) परिसर में एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्था के अध्यक्ष अतुल जैन बंसल एवं मंत्री मनोज जैन बहादुरपुर ने बताया कि स्वस्थ व स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण के लिए परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधे रोपे गए। पौधों के संरक्षण व नियमित देखरेख की जिम्मेदारी दया भावना फाउंडेशन के पदाधिकारियों को सौंपी गई है, ताकि ये पौधे वृक्ष बनकर पर्यावरण को समृद्ध बना सकें। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन (कैंची बीड़ी) सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण को आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। इस अवसर पर संयुक्त मंत्री महेंद्र कड़ेसरा, राष्ट्रीय संयोजक वीर प्रमोद जैन छाया, तत्काल पूर्व अध्यक्ष सचिन जैन बारी, मंत्री सचिन जैन सर्राफ, संतोष जैन सिन्नी, संजय चौधरी, नीलेश टिंकल, सुनील बेलई, राकेश मिर्ची, रोहित लालू और मनीष परवाह सहित जैन मिलन सेंट्रल के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

जुगया और महुआखेड़ा में रोपे गए पौधे

अशोकनगर। स्वैच्छिकता पर्व के अवसर पर कलेक्टर के निर्देशन पर जन अभियान परिषद द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जुगया, महुआखेड़ा एवं नवांकुर संस्था अक्षरपीठ शिक्षा समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में जुगया के सिद्ध मंदिर और महुआखेड़ा के भैरव मंदिर प्रांगण में आम, जामुन, अमरूद, कटहल व आंवला के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में जिला समन्वयक ने कहा कि प्रकृति के संतुलन और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक नागरिक को पौधे लगाने चाहिए।

कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

चंदेरी। शासकीय माधव महाविद्यालय चंदेरी में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक गरिमामय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. अर्पिता तिवारी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का कुशल संयोजन व संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. संजीव राजपूत ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं देश के अमर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात कारगिल युद्ध में अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले वीर जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. अर्पिता तिवारी ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और अनूठी राष्ट्रभक्ति का अमर प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, अनुशासन अपनाने और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. संजीव राजपूत ने कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय सेना ने दुर्गम परिस्थितियों में अद्वितीय पराक्रम दिखाते हुए कारगिल की बर्फीली चोटियों पर पुन: तिरंगा फहराया था। यह दिन हर भारतीय के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम के समापन पर परिसर भारत माता की जय,वंदे मातरम और अमर रहें कारगिल के वीर शहीद के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। सभी उपस्थितजनों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के प्रति अपनी अटूट निष्ठा व्यक्त की।

न्यायालय तहसीलदार तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर

क्रमांक/ड-154/2026

चंदेरी दिनांक 24/07/2026

//विज्ञप्ति//

आवेदक राधाकिशन पुत्र हरगोविन्द कोली निवासी ग्राम चंदेरी तहसील चंदेरी द्वारा अपने दादा रज्जू लाल कोली पिता/ हरदास कोली की मृत्यु दिनांक 10/12/1972 को ग्राम चंदेरी में मृत्यु होने का हवाला देकर उक्त मृत्यु का पंजीयन करने हेतु लोक सेवा आयोग के माध्यम से किए जाने का आवेदन किया है।

अत: प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को अगर कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 31/07/2026 को इस न्यायालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है बाद म्याद गुजर जाने पर एक पक्षीय कार्रवाई की जावेगी।

(दिलीप दरोगा)
तहसीलदार
तहसील चंदेरी जिला अशोकनगर

कार्यक्रम

पेपर लीक के खिलाफ हुए आंदोलन में मिली है जीत

छात्र-युवा की ऐतिहासिक जीत पर शहर में निकला विजय जुलूस

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले महीनों से पेपर लीक के खिलाफ जारी छात्र-युवा आंदोलन की ऐतिहासिक सफलता पर नगर में भव्य विजय जुलूस निकाला गया। इस दौरान शहर के नागरिकों, छात्रों और युवाओं ने एकजुट होकर जीत का जश्न मनाया और जुलूस के माध्यम से अपनी आवाज बुलंद की।

विजय जुलूस के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह जीत देश के युवाओं के पक्के इरादे और एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि NEET समेत बीते कुछ वर्षों में सामने आई करीब 150 पेपर लीक की घटनाओं से करोड़ों छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। यह आंदोलन सार्वजनिक शिक्षा को बचाने और व्यवस्था में सुधार लाने की एक बड़ी पहल साबित हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने मांग की कि प्रदर्शनकारी छात्रों पर दर्ज सभी मुकदमे तुरंत वापस लिए जाएं और लाठीचार्ज व बदसलूकी के दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। साथ ही, एनटीए को समाप्त करने और शिक्षा के निजीकरण का विरोध करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया गया।

इस दौरान देवेंद्र विजौरे, मनोज नंदा, पूजा ओझा और शिशुपाल ने मुख्य रूप से अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सचिन जैन, हरगोविंद, पीयूष, राखी, रिमझिम सहित बड़ी संख्या में छात्र, नौजवान और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।